राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.14(108)RSSB / अर्थना / मा.शि. / शा.शि. / भर्ती / 2022 / 918 दिनांक 29.09.2022

–: कार्यालय आदेश :–

शारीरिक शिक्षा अध्यापक सीधी भर्ती–2022

राजस्थान शिक्षा अधीनस्थ सेवा नियम–2021 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा(भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिये शारीरिक शिक्षा अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा–2022 हेतु दिनांक 16.06.2022 को विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त पदों पर भर्ती हेतु बोर्ड द्वारा दिनांक 25.09.2022 को परीक्षा आयोजित करवाई गई है। इस भर्ती में आवेदकों के ऑनलाईन आवेदन में संशोधन हेतु दिनांक 01.10.2022 से दिनांक 10.10.2022 को 23.59 बजे तक ऑनलाईन अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में स्वयं का नाम, माता पिता के नाम, पता, जन्म तिथि, लिंग, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में संशोधन नहीं कर सकेगा। इन त्रुटिपूर्ण सूचनाओं में संशोधन (चयन होने की स्थिति में) दस्तावेज सत्यापन के समय ही विचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य सूचनाओं यथा श्रेणी, विशेष श्रेणी, उप श्रेणी इत्यादि में निर्धारित रु. 300/– का शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर संशोधन कर सकेंगे। उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में बोर्ड द्वारा संशोधन हेतु कोई भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

सचिव